Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding reviving of public sector enterprises of India.

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): अध्यक्ष महोदय, वर्तमान में भारत में पीएसयूज की आर्थिक व्यवस्था बहुत कमजोर होती जा रही है । बीएसएनएल और एमटीएनल की चर्चा इस सदन में हो चुकी है । मैं आज इंडिया पोस्ट की चर्चा करना चाहूंगा । आज इंडिया पोस्ट बीएसएनएल और एमटीएनएल से ज्यादा लॉस मेकिंग हो गया है, लगभग पन्द्रह हजार करोड़ रुपये का लॉस हो गया है । इसके कारण वह सैलरीज नहीं दे पा रहा है । मैं चाहता हूं कि केन्द्र सरकार जो बजट ला रही है, नीति आयोग की रिपोर्ट में लगभग पचास पब्लिक सेक्टर यूनिट्स को बेचने की बात चल रही है, जैसे एनटीपीसी, सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और स्टील ऑथरिटी ऑफ इंडिया है । इसे बेचने के बजाए इसे कैसे बचाया जाए, यह देखना चाहिए । हम चीन में देखते हैं कि चीन के स्टेट ऑनड इंटरप्राइजेज हैं वे दुनिया भर में बहुत प्रोफिट करते हैं लेकिन आज भारत पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइजेज कमजोर हो रहा है ।